## एक नजर में

### रंगोली, रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**ब्यावरा 29 सितम्बर, का.** नगर पालिका द्वारा तैयार कार्य योजना अनुसार नगर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत पतिदिन विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई कार्य करवाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद के निर्देशानुसार स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बनाई गई कार्य योजनानुसार सोमवार को स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा नगर में स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई अभियान चलाया. स्वच्छता की रंगोली बना कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाली. नपा के अनुसार स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की कार्य योजनानुसार नगर में स्वच्छता कार्य सतत् जारी रहेगा.

### बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया

**जीरापुर 29 सितम्बर, सं.** प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति मर्यादित की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु भूमि पूजन विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया गया. शाला प्रबंधक मांगीलाल शर्मा, संस्था प्रबंधक भगवान सिंह सौधियां ने आगंतुक अतिथियों को साफा पहनाकर स्वागत किया. विधायक दांगी ने कहा कि बाउंड्री बाल बनने से समिति परिसर सुरक्षित हो जाएगा एवं परिसर की सुंदरता भी बढ़ेगी. जहां पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**जीरापुर 29 सितम्बर, सं.** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी और जन सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया. जिसमें पहला सुख निरोगी काया उत्तम स्वास्थ्य ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए मनुष्य को सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए. हम स्वस्थ रहें इसके लिए हमारा खान पान संयमित और दिनचर्या नियमित होना चाहिए. क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति देश के प्रति अपने कर्तव्य को अच्छे से निभा सकते हैं। नगर परिषद सभा कक्ष में शासकीय अस्पताल के डॉ आजम शेख, मोहित जैन, बजरंग सिंह, मनीष मालवीय, एलकार सिंह और टीम द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ संबंधी टिप्स दिए. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, रमेशचंद्र नाथ देवनारायण दांगी, रमेश मालवीय, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार, राहुल दांगी, राम दांगी, राकेश मंडलोई और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे.

# साल भर से पानी के लिए जद्दोजहद

## नगर की पॉश कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई अव्यवस्थित, पेयजल सप्लाई का नहीं कोई निर्धारित समय

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 सितम्बर, का. नगर के वार्ड 14 स्थित शिक्षक कालोनी एवं गायत्री कॉलोनी के रहवासियों को बीते एक साल से पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नपा के जिम्मेदारों को कई बार अपनी परेशानी से अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पाया है. यहां पर तकनीकि खामियों व अन्य कारणों के चलते रहवासियों को पेयजल समय पर नहीं मिल पा रहा है.**



विदित है कि यह कॉलोनी नगर की पॉश कॉलोनियों में शामिल है. इन दोनों कॉलोनियों के रहवासियों का कहना है कि एक वर्ष से पानी की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है. बार-बार नगर पालिका में शिकायत के बाद भी पेयजल से जुड़ी समस्या का कोई निकाल नहीं हो सका है.

सोमवार को कॉलोनी के रहवासी आर एस अग्रवाल, एस के व्यास, राधेश्याम विजयवर्गीय, सपन विजय, महेंद्र सक्सेना, मनोज सेंगर, रंजन कौशिक, प्रवीण सक्सेना, लोकेश शर्मा, ईशान शर्मा, सुरेश शर्मा आदि ने नवभारत को बताया कि पेयजल सप्लाई न तो समय पर होती है और न ही नियमित रुप से हो रही है. यह भी तय नहीं है कि सप्लाई कितनी देर तक होगी. साथ ही दोपहर के समय पेयजल सप्लाई की जाती है. दोपहर 12 या 1 बजे सप्लाई की जाती है जबकि यह ऐसा समय है जब लोग अपने कामकाज के लिए बाहर चले जाते है. सप्लाई सुबह के समय दी जाये तो इससे काफी सुविधा होगी. साथ ही सप्लाई का समय 40 से 50 मिनिट हो. रहवासियों का यह भी कहना है कि जिम्मेदारों द्वारा पेयजल सप्लाई को लेकर सही जानकारी तक नहीं दी जाती है कि कब सप्लाई होगी.

### रोजाना समय पर नहीं सप्लाई

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 14 के तहत गायत्री कॉलोनी और शिक्षक कॉलोनी नगर की पुरानी कॉलोनियों के रुप में स्थापित है. यहां पानी की सप्लाई परेड ग्राउंड के पास स्थित पीएचई स्टोर में बने ओवर हेड टैंक से की जाती है. रहवासियों का कहना है कि लगभग एक साल से पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. रोजाना एवं समय पर पेयजल सप्लाई नहीं होती है. जिम्मेदारों द्वारा पेयजल सप्लाई को लेकर सही जानकारी तक नहीं दी जाती है कि कब सप्लाई होगी.



# नदी से मिला शव, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**सुरक्षा के मद्देनजर आसपास का अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया**

नवभारत न्यूज

**पचोर 29 सितम्बर, सं.** सोमवार सुबह पचोर में नेवज नदी के स्टॉपडेम के यहां से पचोर निवासी एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई. युवती तीन दिन से लापता थी जिसकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी. परिजनों ने युवती की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है. घटना से नगर में तनाव का वातावरण निर्मित हो गया. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने जिले के अन्य थानो से पुलिस बल पचोर बुलाया गया.

**बाजार बंद कराया** सूचना लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे. परिजनों का आरोप है कि युवती के साथ ज्यादती कर उसकी हत्या की गई है. जानकारी लगने पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता एकत्रित हो गए. परिजनो ने पी एम फार्म पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग करने लगे. थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ओर तहसीलदार आनंद जायसवाल ने परिजनो से बात की और पीएम करवाया. मामला की गंभीरता को देखते हुए सारंगपुर, ब्यावरा, तेलन, करनवास थानो से पुलिस बल बुलाया गया. देखते ही देखते कुछ समय के लिए तनाव का वातावरण निर्मित हो गया. आरोपियों गिरफ्तार कर उनके मकान तोड़ने की मांग के साथ रैली निकालकर बाजार बंद करवाने लगे. पुराना बस स्टेंड, गांधी चौक, मंडी रोड, बस स्टेंड आदि क्षेत्र में बाजार बंद करवा दिया तथा लोग थाने के बाहर बैठ गये. परिजनो ने शव लेने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे.

पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने चर्चा की. उनके द्वारा तीन दिन का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन युवती के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए. करीब 4 घंटे बाद परिजन माने ओर देर शाम पचोर मुक्तिधाम पर युवती का अंतिम संस्कार किया गया.

**शनिवार घर से निकली थी युवती** जानकारी के अनुसार युवती शनिवार शाम को घर से अपनी एक सहेली के साथ दवाई लाने का बोलकर घर से निकली थी. उसकी सहेली ने उसे मेडिकल स्टोर के सामने छोड़ा. सीसीटीवी फुटेज में युवती मेडिकल के बाहर खड़ी रही फिर अकेली आगे जाती दिखाई दे रही है. रविवार को परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई तथा अरशद नामक युवक से बात करने की शंका जाहिर की. इसी बीच सोमवार को युवती का शव मिला.

---

गुम इंसान दर्ज है, मामले में हर एंगल से जांच की जा रही है. काल रिकॉर्ड के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है.

**शकुंतला बामनिया**
**थाना प्रभारी पचोर**



# भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए

## सारंगपुर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 29 सितम्बर, सं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को यहां से जाते समय कुछ देर सारंगपुर में रुके. कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत समारोह रखा गया. जिसमें उन्होंन कहा कि भाजपा चाहे जितना भी झूठ और ध्यान भटकाने की साजिश करे हम अति पिछडे, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित है.**

हमने अति पिछड़ा समाज को मजबूत बनाने और उनकी भागीदारी बड़ाने के लिए आवाज उठाई है. भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए है और उनके लिए ही चलेगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भोपाल से आगर जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे. सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत समारोह रखा गया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए भावांतर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश में सोयाबीन की फसल ही खराब हो रही है तो किसानों को इस योजना का क्या लाभ मिलेगा. मांग की कि किसानों को प्रति बीघा 20 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए.

**किसान संकट में है** श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार संकट का सामना कर रहे है. उन्हें समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है. प्राकृतिक आपदाओं ने उनकी स्थिति को और बिगाड़ दिया है. उन्होंने किसानों को गुमराह करने और उनकी तकलीफों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया. केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि दलितों, पिछड़े वर्ग और गरीबों के लिए बुलडोजर, जबकि अडानी के लिए हजारों एकड जमीन मुफ्त में या मात्र 1 रुपये की. उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी को साफ पता है कि वो असली जनादेश के जरिए सरकार नहीं बना सकते, उनकी सरकार चोरी से और संस्थाओं पर कब्जा कर बनती है. युवाओं की सबसे बडी समस्या बेरोजगारी है. जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना है. नौकरियां घट रही हैं, भर्ती प्रक्रियाएं ध्वस्त हो गई हैं और युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है. यहां से श्री पटवारी नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर के लिए रवाना हो गए. इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रदीप जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डा. हेमेंद्र सोलंकी, कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी, युकां ब्लाक अध्यक्ष लखन धनगर, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी आदि उपस्थित रहे.

# जैसीनगर का नाम बदलना समाज के इतिहास से छेड़छाड़

## दांगी क्षत्रिय समाज ने जिला मुख्यालय पर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 सितम्बर, का. प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदल कर जयशिवनगर करने की घोषणा का विरोध करते हुए दांगी क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन सौंपा है.**



राजगढ़ में सौंपे ज्ञापन में कहा है कि मुख्यमंत्री को नाम बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी. क्या शहर की जनता ने मांग की थी, क्या नगर का नाम किसी विदेशी आक्रांता के नाम पर था. इस नगर की स्थापना दांगी शासक राजा जयसिंह जूदेव ने 16-17 वीं सदी में की थी और उन्हीं के नाम पर इसका नाम जैसीनगर पड़ा. ज्ञापन में कहा है कि मुख्यमंत्री डा. यादव ने खाद्य मंत्री और सुरखी विधायक गोविंद सिंह राजपूत के इशारे पर इस क्षेत्र का नाम बदला है.

क्या किसी नगर का नाम उस नगर के संस्थापक हिन्दू राजा के नाम पर होना पाप हैं, क्या जिन दांगी वीरों ने युद्धों में मुगलों से तथा 1857 की क्रांति से लेकर आजादी तक अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और अनेकों कुर्बानियां दी. अगर उनके गौरव पर किसी नगर का नाम हैं तो आपत्ति क्यों होनी चाहिए.

दांगी क्षत्रिय समाज पूरे देश एवं मध्यप्रदेश में निवासरत हैं और आपके इस निर्णय से दु:खी और आक्रोशित है. हम मांग करते हैं कि दांगी क्षत्रिय समाज का बुंदेलखंड के गौरव दांगी क्षत्रिय राजपूत समाज का मान और सम्मान बना रहना चाहिए हैं. अन्यथा दांगी क्षत्रिय समाज इसका पुरजोर विरोध करेगा.

# सड़क पर पलटा कंटेनर

## ब्यावरा- सिरोंज मार्ग पर लाछोनी गांव के यहां पलटा



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 29 सितम्बर, सं.** बीती रात्रि को ब्यावरा- सिरोंज मार्ग पर पार्वती नदी के निकट लाछोनी गांव के यहां एक सीमेंट से भरा कंटेनर सड़क के बीचों बीच पलटने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया.

जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे पार्वती नदी के निकट लाछोनी गांव के यहां एक सीमेंट से भरा कंटेनर पलट कर सड़क पर आड़ा हो गया. बताया जाता है कि कंटेनर के आगे सड़क पर गौवंश बैठी हुई थी. जैसे ही ड्राइवर ने सड़क पर गौवंश को देखा तो हड़बड़ी में लंबा टर्न लेने में कंटेनर पलट गया. किसी को कोई चोट नहीं आई. सोमवार सायंकाल तक रोड जाम रहने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई. यात्री बसों को मार्ग परिवर्तन कर मधुसूदनगढ तक जाना पड़ा. क्रेन से कंटेनर को उठाने का प्रयास किया जा रहा था.

### स्कूल में कम उपस्थिति पर नाराज हुए मंत्री

**पडाना 29 सितम्बर, सं.** सोमवार समीप ग्राम मगराना में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल ने समग्र विकास सशक्त गांव के तहत विकास की एक और नई दिशा की शुरुआत करने के पहले प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल शाला का निरीक्षण किया. जहां छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर मंच से ही नाराजगी जाहीर करते हुए छात्रों की उपस्थिति कम होने के कारण के बारे में संस्था प्रभारी से जवाब तलब किया. संस्था प्रभारी मोहनलाल वर्मा ने नवरात्रि पर्व व सोयाबीन कटाई के कारण छात्रों की उपस्थिति कम बताई. इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे. वही लोकार्पण भूमि पूजन में नवीन आंगनवाड़ी भवन एवं शाला भवन बाउंड्री वॉल सार्वजनिक सुलभ शौचालय का लोकार्पण किया.



### उद्भव नगर में गरबा आयोजन

**राजगढ़ 29 सितम्बर, का.** नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मंदिरों एवं झांकी पाण्डालों में धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन के साथ ही विभिन्न स्थानों पर गरबा के भव्य आयोजन हो रहे है.सोमवार को उद्भव नगर स्थित श्री पातालेश्वर हनुमान जी मंदिर धाम के यहां गरबा का आयोजन किया गया. इस गरबा आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई. शाम होते ही मंदिरों एवं झांकी पाण्डालों में श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है.



### सुसंस्कारों की धरोहर हैं बेटियां

**ब्यावरा 28 सितम्बर, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र के द्वारा विश्व बेटी दिवस पर सुसंस्कारों की धरोहर बेटियां विषय पर आधारि कार्यक्रम आयोजित किया गया. बीके देव दीदी ने सभी बेटियों का तिलक, मुकुट, चुनरी से सम्मान किया. सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि यह दिन बेटियों के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. भारत की संस्कृति प्राचीन काल से महान रही है. जिसमें जीवन के हर क्षेत्र में उच्च मानवीय मूल्यों का समावेश रहा है. आज बदलते परिवेश में हम देख रहे है की नारी भी जागृत हुई है और उसने कई क्षेत्र में ऊंचाइयों को छुआ है. वह स्वयं शिक्षित है, गुणवान है समर्थ है, सशक्त है, आत्म सम्मान, आत्म बल महसूस करती है. बेटियां लक्ष्मी, दुर्गा व सरस्वती का अवतार बन समाज के उत्थान में सहयोगी बने. इस मौके पर रोड सिंह दांगी, बद्री लाल, रमेश शिवहरे, रवि मालवीय, प्रेमलता अग्रवाल, ममता बहन शिवहरे, बहन ज्योति उपस्थित रहे.

**खेती किसानी** मंडी में सोयाबीन लेकर पहुंच रहे हैं बड़ी संख्या में किसान, 1 नवंबर से होगी भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी

# 1 माह बाद शुरू होगी भावांतर योजना, पैसों की जरुरत अभी

**भावांतर योजना से पूर्व फसल बेच चुके होंगे हजारों किसान**

**खाद-बीज, त्यौहार के चलते पैसों की जरुरत अभी**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 सितम्बर, का.** सरकार द्वारा किसानों को सोयाबीन फसल में भावांतर योजना का लाभ देने की घोषणा की है किंतु इसका लाभ 1 नवंबर से दिए जाने के कारण हजारों किसान इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे. क्योंकि खाद-बीज, त्यौहारों के चलते अभी पैसों की जरुरत है और किसान मंडी में सोयाबीन बेचने पहुंच रहे है ऐसे में भावांतर लागू होने के पूर्व ही हजारों किसान अपनी फसल बेच चुके होंगे.



विदित है कि प्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन फसल को भावांतर योजना का लाभ देने की घोषणा की है. इसके लिए 1 नवंबर से 15 जनवरी 2026 तक सरकार द्वारा भावांतर योजना का लाभ किसानों को दिया जाएगा. इसके लिए 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पंजीयन होंगे. ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन होंगे.

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी, ग्राम झरखेड़ा निवासी पूनमचंद वर्मा, कालीपीठ क्षेत्र के ग्राम कालीतलाई निवासी विष्णुजी, ग्राम माल्याहेड़ी निवासी पप्पूजी, केशर सिंह, भगवान सिंह पटेल, छगन सिंह, प्रेम नारायण दांगी, रामकिशन दांगी, कैलाश नारायण, कमल सिंह बना, सोमनाथ, राजेश दांगी, भारत सिंह, पर्वत सिंह, राधेश्याम लववंशी, मांगीलाल गोस्वामी, डा. बापूलाल लववंशी रामपुरिया सहित किसानों का कहना है कि भावांतर योजना में 1 नवंबर से खरीदी की जाएगी जब तक अधिकांश कृषकगण अपनी सोयाबीन मंडी में बेच चुके होंगे जिसके चलते वह भावांतर योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे. भावांतर योजना में खरीदी जल्द से जल्द की जाये ताकि इसका अधिकाधिक लाभ किसानों को मिल सके.

### सोयाबीन की आवक बढ़ी

स्थानीय कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की आवक एकाएक बड़ गई है. शनिवार को 4413 क्विंटल सोयाबीन की आवक रही. इसके पूर्व 24 सितम्बर को 2019, 18 सितम्बर को 945 एवं 17 सितम्बर को 884 क्विंटल ही सोयाबीन की आवक रही थी.

### मूल्य के अंतर की भरपाई करेगी सरकार

भावांतर योजना के तहत सरकार द्वारा सोयाबीन के एमएसपी से कम मूल्य में सोयाबीन की बिक्री पर नुकसान की भरपाई की जाएगी. शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत सोयाबीन का एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है. इस तरह मंडी में बेची फसल के मूल्य एवं भावांतर के निर्धारित मूल्य के बीच अंतर की राशि किसानों के खाते में 15 दिन के भीतर पहुंचाने की बात कही गई है. इस योजना का लाभ लेने के लिए ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा.